# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

### शुक्रवार, दिनांक 14 मार्च, 2008

### तारांकित प्रश्नोत्तर

डुप्लीकेट दवाईयों की बिक्री पर कार्यवाही

1. ( *क्र. 14) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 2006-07 में रायपुर एवं बिलासपुर जिले में कितने दवा विक्रेताओं के विरुद्ध डुप्लीकेट (गुणवत्ताविहीन) जैनरिक दवाईयां बेचे जाने के मामले पंजीबद्ध किये गये हैं ? (ख) दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 2006-07 में रायपुर एवं बिलासपुर जिले में किसी भी दवा विक्रेता के विरुद्ध डुप्लीकेट (गुणवत्ताविहीन) जैनरिक दवाईयां बेचे जाने का कोई मामला पंजीबद्ध नहीं किया गया है. (ख) प्रश्नांश "क" के संदर्भ में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

तम्बाकू, गुटखा, जर्दा की बिक्री पर प्रतिबंध

2. ( *क्र. 1576) **श्री भूपेश बघेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या शासन ने तम्बाकू, गुटखा, जर्दा बिक्री पर प्रदेश में 01 जनवरी, 2008 से प्रतिबंध लगाया है. यदि हां, तो बिक्री को रोकने के लिए शासन ने क्या-क्या उपाय किये हैं.

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : शासन ने तम्बाकू युक्त गुटखा की बिक्री पर प्रदेश में दिनांक 01-01-08 से प्रतिबंध लगाया है. बिक्री को रोकने के लिए विभाग द्वारा समस्त जिलाध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु लिखा गया है तथा विभाग के द्वारा पांच सदस्यी उड़नदस्ता दल गठित की गई है.

बस्तर जिले में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति

3. ( *क्र. 1925) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में कितने उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्रा. स्वा. केन्द्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कहां-कहां संचालित हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) क्या चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों एवं अन्य स्टाफ की सृजित पदों के अनुरूप पूर्ति की गई है ? यदि नहीं तो किन-किन प्रा. स्वा. केन्द्रों एवं सामुदायिक केन्द्रों में डाक्टर सह अन्य स्टाफ की कमी है ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जायेगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार. (ख) जी नहीं. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार. निश्चित समय सीमा बता पाना संभव नहीं है.

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं को आवंटित राशि

4. ( *क्र. 883) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाओं का संचालन किन-किन स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है ? दुर्ग जिले की विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु इन संस्थाओं को कितनी-कितनी

राशि वर्ष 2004-05, 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में आवंटित की गई तथा संस्थाओं द्वारा कितनी-कितनी राशि व्यय की गई वर्षवार विवरण देवें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के किसी भी योजना का संचालन किसी भी स्वयंसेवी संस्था द्वारा नहीं किया जा रहा है. (ख) यथोपरि.

<u>जिला मलेरिया अधिकारी के स्वीकृत एवं रिक्त पद</u>

5. (*क्र. 1885) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला मलेरिया अधिकारी के स्वीकृत, रिक्त एवं भरे पद कितने-कितने हैं ? (ख) वर्तमान में जिला मलेरिया अधिकारी के पद पर कार्यरत अधिकारी एवं उनका पदनाम क्या है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) स्वीकृत पद 16, कार्यरत 01 तथा रिक्त पद 15. (ख) वर्तमान में जिला मलेरिया अधिकारी के पद पर सहायक शल्य चिकित्सा अधिकारियों को प्रभार दिया गया है.

<u>प्रदेश में विकासखण्ड मुख्यालयों में संचालित शासकीय महाविद्यालय</u>

6. (*क्र. 687) **श्री बोधराम कंवर :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितने विकासखण्ड मुख्यालय में शासकीय महाविद्यालय संचालित हैं ? कृपया जिलेवार नाम दें ? (ख) वर्ष 2007-08 में कितने विकासखण्ड मुख्यालयों में महाविद्यालय प्रारंभ किए गए ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) प्रदेश के 91 विकासखण्ड मुख्यालयों में शासकीय महाविद्यालय संचालित हैं. जिलेवार नामों की सूची परिशिष्ट पर † संलग्न है. (ख) वर्ष 2007-08 में 09 विकासखण्ड मुख्यालयों में महाविद्यालय प्रारंभ किये गये.

<u>प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में रिक्त पद एवं कार्यरत संविदा कर्मी</u>

7. (*क्र. 1943) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्याख्याता/सहायक प्राध्यापकों के कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पदों के विरुद्ध कितने पद रिक्त हैं ? (ख) प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में कितने व्याख्याता/सहायक प्राध्यापक संविदा नियुक्ति पर कार्यरत हैं ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) प्रदेश के 03 शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्याख्याता के 111 पद स्वीकृत हैं जिसके विरुद्ध 63 पद रिक्त हैं. (ख) प्रदेश में 03 शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में 40 व्याख्याता संविदा नियुक्ति पर कार्यरत हैं.

<u>खाद्य तेल में मिलावट के दर्ज प्रकरण</u>

8. (*क्र. 1865) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में खाद्य विभाग द्वारा 1 जनवरी, 2008 से 15 फरवरी, 2008 तक खाद्य तेल में मिलावट संबंधी कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? (ख) दोषी व्यक्तियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्रदेश में विभाग द्वारा 1 जनवरी 2008 से 15 फरवरी 2008 तक खाद्य तेल में मिलावट संबंधी 14 नमूने लिये गये हैं. उक्त अवधी में खाद्य तेल में मिलावट संबंधी कोई प्रकरण न्यायालय में दर्ज नहीं किया गया. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट "एक"

जशपुर जिले में नलकूप खनन का लक्ष्य

9. ( *क्र. 1228 ) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 में जशपुर जिले में कितने नलकूप खनन का लक्ष्य रखा गया ? लक्ष्य के विरुद्ध कितने नलकूप खनन कार्य किये गये ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) कितने कार्य अपूर्ण है ? कब तक पूरे कर लिये जावेंगे ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) विकासखण्डवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) वर्ष 2007-2008 के 724 नलकूपों के कार्य शेष. निश्चित समयावधि बताना संभव नहीं है.

प्राचार्य, प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों की पूर्ति

10. ( *क्र. 1833 ) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. प्रदेश में शासकीय महाविद्यालयों में कुल स्वीकृत प्राचार्यों, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के स्वीकृत पदों के विरुद्ध कितने पद भरे गये हैं एवं कितने रिक्त हैं ? (ख) वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में कितने रिक्त पदों के विरुद्ध कितने संविदा नियुक्ति की गई है ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** ( डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ) : (क) छ. ग. प्रदेश में शासकीय महाविद्यालयों में कुल स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद निम्नानुसार है :—

| | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| प्राचार्य | 140 | 30 | 110 |
| प्रोफेसर | 342 | 02 | 340 |
| असिस्टेंट प्रोफेसर | 2210 | 1341 | 869 |

महाविद्यालयवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है. (ख) वर्ष 2006-2007 वर्ष 2007-2008 में कुल रिक्त पदों के विरुद्ध की गई संविदा नियुक्ति की जानकारी निम्नानुसार है :—

| वर्ष | रिक्त पद | की गई संविदा नियुक्ति |
|---|---|---|
| 2006-2007 | 589 | 397 |
| 2007-2008 | 771 | 737 |

विषयवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर है.

जिला अस्पताल, राजनांदगांव में स्वीकृत एवं रिक्त पद

11. ( *क्र. 1952 ) **श्री उदय मुदलियार :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले जिला अस्पताल में वर्तमान में कितने बिस्तरों की व्यवस्था है ? (ख) उक्त चिकित्सालय में निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कौन-कौन से कितने-कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने पद रिक्त हैं ? पदवार जानकारी देवें ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) राजनांदगांव जिला चिकित्सालय में वर्तमान में 300 बिस्तर स्वीकृत होकर 222 बिस्तर की व्यवस्था है. (ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन"

## रायपुर जिले में जनजागरण हेतु एन. जी. ओ. को प्रदत्त राशि

12. ( *क्र. 1904) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिला अंतर्गत मलेरिया, आंत्रशोथ एवं गम्भीर रोगों के बचाव हेतु जनजागरण के लिये कितनी-कितनी राशि, किन-किन एन. जी. ओ. को 01 जनवरी, 2007 से 31 दिसम्बर, 2007 की स्थिति में दी गई ? (ख) उक्त समयावधि में नाटक, नृत्य के माध्यम से जनजागरण में तथा पाम्पलेट, पोस्टर, होर्डिंग में कितना खर्च हुआ ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) उक्त समयावधि में कोई राशि किसी भी एन. जी. ओ. को नहीं दिया गया. (ख) नाटक, नृत्य में रुपये 34,88,550, पोस्टर्स में रुपये 10,26,000 एवं पाम्पलेट में रुपये 15,000.

## वैद्य आई. सी. एस. कोचिंग से किया गया अनुबंध

13. ( *क्र. 1763) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या उक्त शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के युवाओं को आई. ए. एस./आई. पी. एस./पी. एस. सी. की आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए पूर्ण प्रशिक्षण देने हेतु वर्ष 2006-07 में वैद्य आई. सी. एस. कोचिंग संस्था, दिल्ली से अनुबंध किया था ? यदि हां, तो कब ? (ख) अनुबंध की शर्तें क्या है, तथा प्रशिक्षण के एवज में वैद्य आई. सी. एस. कोचिंग सेन्टर दिल्ली को कब-कब कितनी राशि दी गई ? (ग) उक्त कोचिंग संस्था में कितने युवाओं को प्रशिक्षण दिया, प्रशिक्षित युवाओं के नाम व पता सहित जानकारी दें ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) जी हां. वैद्य आई. सी. एस. कोचिंग संस्था, दिल्ली से दिनांक 27-04-2006 को अनुबंध किया गया है. (ख) उक्त संस्था से किये गये अनुबंध की शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है एवं संस्था को कुल राशि रुपये 3734523/- भुगतान किया गया. दिनांकवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर है. (ग) उक्त कोचिंग संस्था द्वारा 100 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षित युवाओं के नाम व पता की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" पर है.

## संजीवनी कोष से स्वीकृत राशि

14. ( *क्र. 91) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2006 तथा 2007 में कितने लोगों द्वारा संजीवनी कोष से सहायता राशि प्राप्त करने बाबत् आवेदन प्राप्त हुआ ? वर्षवार जानकारी दी जावे. (ख) कितने आवेदन निरस्त किये गये ? किन-किन लोगों को धनादेश के माध्यम से नकद राशि तथा किन लोगों को किस-किस अस्पताल के माध्यम से कितनी-कितनी राशि दी गई ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) वर्ष 2006 में 11 तथा 2007 में 12. (ख) कोई नहीं. धनादेश के माध्यम से किसी को भी नगद राशि का भुगतान नहीं किया गया. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

## स्टाफ नर्सों की भर्ती में आरक्षण नियमों का पालन

15. ( *क्र. 1927) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी, 2006 से 31 दिसम्बर, 2007 तक रायगढ़ एवं रायपुर जिलों में कितने स्टॉफ नर्सों की भर्ती की गयी है तथा इन्हें कहां-कहां पदस्थ किया गया है ? (ख) क्या उक्त नियुक्ति में आरक्षण नियमों का पालन किया गया है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट "चार"

डेंटल कॉलेज के संबंध में

16. ( *क्र. 1744) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में डेंटल कॉलेज किन-किन संस्थाओं द्वारा कब-कब से संचालित हैं ? (ख) उक्त डेंटल कॉलेजों में कितने-कितने छात्र अध्ययनरत हैं ? (ग) किन-किन संस्थाओं द्वारा संचालित डेंटल कॉलेजों को डेंटल काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा मान्यता दी गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार. (ग) आज दिनांक तक किसी भी डेन्टल कॉलेज को नहीं.

संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत राजनांदगांव जिले में स्वीकृत एवं व्यय राशि

17. ( *क्र. 1953) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) "संपूर्ण स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में कितनी राशि स्वीकृत की गई तथा स्वीकृत राशि में से कितनी राशि व्यय की गई ? (ख) निर्मल ग्रामों की श्रेणी में कौन-कौन से ग्राम हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में दिनांक 1-3-2008 की स्थिति में रु. 693.08 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, स्वीकृत राशि में से रु. 685.31 लाख की राशि व्यय की गई. (ख) भारत सरकार द्वारा राजनांदगांव जिले में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में क्रमश: 12 एवं 16 ग्राम पंचायतों को निर्मल ग्राम घोषित किया गया है. विवरण †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

प्रदेश में कैंसर की चिकित्सा सुविधा युक्त चिकित्सालय

18. ( *क्र. 1834) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वर्ष 2007-08 में वेदान्त ग्रुप (बाल्को) एवं छ. ग. शासन के बीच रायपुर में कैंसर चिकित्सालय प्रारंभ करने हेतु एम. ओ. यू. किया गया है ? यदि हां, तो चिकित्सालय कब तक प्रारंभ करने का प्रावधान है एवं इस चिकित्सालय के लिए कितनी भूमि की मांग बाल्को द्वारा की गई है ? (ख) प्रदेश में 19 फरवरी, 2008 की स्थिति में कौन-कौन से चिकित्सालय में कैंसर की चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. कैंसर चिकित्सालय प्रारंभ करने हेतु वेदांत समूह को राज्य शासन को ग्राम सड्डू जिला रायपुर में 41.92 एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है. खसरा नं. 99.1 में 29.38, खसरा नं. 8 में 12.54 इस प्रकार कुल 41.92 एकड़ जमीन का अधिपत्य दिया गया है. एम. ओ. यू. की कार्यवाही विचाराधीन है. (ख) प्रदेश में 19 फरवरी 2008 की स्थिति में संचालनालय के अधीनस्थ डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में कैंसर के चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है.

खैरागढ़ विश्वविद्यालय को स्वीकृत राशि

19. ( *क्र. 1764) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) उच्च शिक्षा विभाग ने वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ को अधोसंरचना एवं अन्य विकास मद में कितनी-कितनी राशि दी है ? वर्षवार, मदवार जानकारी दें ? (ख) उक्त राशि में कौन-कौन से कार्य कराए गए ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** ( डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) वर्ष 2006-07 में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ को निम्नानुसार राशि विमुक्त की गई :—

अधोसंरचना मद— राशि रु. 69.44 लाख, अन्य विकास मद के अंतर्गत-स्थापना व्यय-20.00 लाख रु., खण्ड संधारण अनुदान-राशि रु. 300.00 लाख, मदवार विवरण परिशिष्ट पर ‡ संलग्न है. बजट वर्ष 2007-08 में अधोसंरचना मद-राशि रु. 20.00 लाख राशि विमुक्त की

---

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छ:" ‡ परिशिष्ट "सात"

कार्यवाही प्रक्रिया में है क्योंकि पूर्व की राशि की पूर्ण उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं की गई है. खण्ड संधारण अनुदान-कुल दो किश्तें राशि रु. 210.00 लाख विमुक्त की जा चुकी है. विवरण परिशिष्ट पर ‡ संलग्न है. (ख) उक्त राशि में से निम्नानुसार कार्य कराये गये हैं :—

1. ग्रंथालय विस्तार भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है.
2. आवास गृह निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है.
3. दृश्य कला संकाय भवन- कार्य अपूर्ण है. विस्तृत जानकारी परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है.

------------

‡ परिशिष्ट "सात"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 687) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | जिले का नाम | विकासखण्ड मुख्यालय के नाम जहां महाविद्यालय संचालित है | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | रायपुर | 1. आरंग | शास. बद्रीप्रसाद महा., आरंग |
| | | 2. तिल्दा | स्व. सत्यनारायण अग्रवाल शास. महा., कोहका |
| | | 3. अभनपुर | शास. महा., अभनपुर |
| | | 4. सिमगा | शास. राजीवगांधी महा., सिमगा |
| | | 5. भाटापारा | शास. गजानंद अग्रवाल पी. जी. महा., भाटापारा |
| | | 6. बलौदाबाजार | शास. दाऊ कल्याण पी. जी. महा., बलौदाबाजार |
| | | | शास. कन्या महा., बलौदाबाजार |
| | | 7. पलारी | शास. महा., पलारी |
| | | 8. कसडोल | स्व. दौलतराम शास. महा., कसडोल |
| | | 9. बिलाईगढ़ | शास. महा., बिलाईगढ़ |
| | | 10. गरियाबंद | शास. महा., गरियाबंद |
| | | 11. छूरा | शास. महा., छूरा |
| | | 12. देवभोग | शास. महा., देवभोग |
| 2. | महासमुन्द | 13. महासमुंद | शास. पी. जी. महा., महासमुंद |
| | | | शास. नवीन कन्या महा., महासमुंद |
| | | 14. पिथौरा | शास. चन्द्रपाल महा., पिथौरा |
| | | 15. बागबाहरा | शास. के. एल. एस. महा., बागबाहरा |
| | | 16. सरायपाली | स्व. राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह शास. महा., सरायपाली |
| | | 17. बसना | स्व. श्री जयदेव सतपथी शास. महा., बसना |
| 3. | धमतरी | 18. कुरूद | शास. संतगुरू घासीदास पी. जी. महा., कुरूद |
| | | 19. धमतरी | बाबू छोटेलाल शास. पी. जी. महा., धमतरी |
| | | | शास. कन्या महा., धमतरी |
| | | 20. नगरी | शास. महा., नगरी सिहावा |
| 4. | दुर्ग | 21. बेमेतरा | शास. जवाहर लाल नेहरू महा., बेमेतरा |
| | | 22. नवागढ़ | शास. महा., नवागढ़ |
| | | 23. साजा | स्व. देवी प्रसाद चौबे शास. महा., साजा |
| | | 24. धमधा | शास. चन्दुलाल चन्द्राकर महा., धमधा |
| | | 25. दुर्ग | विश्वनाथ यादव तामस्कर शास. पी. जी. कला एवं विज्ञान महा., दुर्ग. |
| | | | शास. कन्या महा., दुर्ग |
| | | 26. पाटन | शास. चन्दुलाल चन्द्राकर महा., पाटन |
| | | 27. गुण्डरदेही | शास. महा., गुण्डरदेही |
| | | 28. डौंडी लोहारा | शास. महा., डौंडी लोहारा |
| | | 29. बालोद | शास. महा., बालोद |
| | | 30. डौंडी | शास. महा., डौंडी |
| | | 31. गुरूर | शास. महा., गुरूर |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 5. | राजनांदगांव | 32. छुईखदान | शास. वीरांगना अवंती बाई महा., छुईखदान |
| | | 33. खैरागढ़ | शास. रानी रश्मीदेवी महा., खैरागढ़ |
| | | 34. डोंगरगढ़ | शास. नेहरू महा., डोंगरगढ़ |
| | | 35. राजनांदगांव | शास. दिग्विजय महा., राजनांदगांव |
| | | | शास. कमलादेवी महिला महा., राजनांदगांव |
| | | | शास. विज्ञान महा., राजनांदगांव |
| | | 36. छुरिया | रानी सूर्यमुखी देवी शास. महा., छुरिया |
| | | 37. डोंगरगांव | शास. महा., डोंगरगांव |
| | | 38. अम्बागढ़ चौकी | शास. लाल चक्रधर साह महा., अम्बागढ़ चौकी |
| | | 39. मानपुर | शास. महा., मानपुर |
| | | 40. मोहला | शास. महा., मोहला |
| 6. | कबीरधाम | 41. कबीरधाम | आचार्य पंथ श्री गन्धमुनि नाम साहब शास. पी. जी. महा., कवर्धा. |
| | | | शास. कन्या महा., कवर्धा |
| | | 42. सहसपुर लोहारा | शास. महा., सहसपुर लोहारा |
| | | 43. पण्डरिया | शास. इंदिरा गांधी महा., पण्डरिया |
| | | 44. बोडला | शास. महा., बोडला |
| 7. | जगदलपुर | 45. केशकाल | शास. महा., केशकाल |
| | | 46. कोण्डागांव | शास. उपाधि महा., कोण्डागांव |
| | | 47. जगदलपुर | शास. पी. जी. महा., जगदलपुर |
| | | | शास. दन्तेश्वरी महिला महा., जगदलपुर |
| 8. | नारायणपुर | 48. नारायणपुर | शास. महा., नारायणपुर |
| 9. | कांकेर | 49. कांकेर | शास. भानुप्रतापदेव पी. जी. महा., कांकेर |
| | | | शास. कन्या महा., कांकेर |
| | | 50. चारामा | शास. महा., चारामा |
| | | 51. भानुप्रतापपुर | शास. महा., भानुप्रतापपुर |
| | | 52. अन्तागढ़ | शास. महा., अन्तागढ़ |
| 10. | बीजापुर | 53. बीजापुर | शास. महा., बीजापुर |
| | | 54. भोपाल पट्टनम | शास. महा., भोपाल पट्टनम |
| 11. | दन्तेवाड़ा | 55. दन्तेवाड़ा | शास. पी. जी. महा., दन्तेवाड़ा |
| | | | शास. कन्या महा., दन्तेवाड़ा |
| | | 56. सुकमा | शास. महा., सुकमा |
| 12. | बिलासपुर | 57. मस्तूरी | शास. महा., मस्तूरी |
| | | 58. बिल्हा | शास. अग्रसेन महा., बिल्हा |
| | | 59. तखतपुर | शास. जे. एम. पी. महा., तखतपुर |
| | | 60. मुंगेली | डॉ. ज्वाला प्रसाद सिंह शास. महा., मुंगेली |
| | | 61. पथरिया | वीरांगना अवंती बाई लोधी शास. महा., पथरिया |
| | | 62. लोरमी | राजीवगांधी शास. कला एवं वाणिज्य महा., लोरमी |
| | | 63. कोटा | शास. महा., कोटा |
| | | 64. पेण्ड्रा | भंवर सिंह पोर्ते शास. महा., पेण्ड्रा |
| | | 65. मरवाही | शास. महा., मरवाही |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 13. | जांजगीर | 66. अकलतरा | शास. महा., अकलतरा |
| | | 67. सक्ती | शास. महा., सक्ती |
| | | 68. डभरा | शास. महा., डभरा |
| | | 69. मालखरौदा | शास. महा., मालखरौदा |
| | | 70. जैजैपुर | शास. महा., जैजैपुर |
| 14. | कोरबा | 71. कोरबा | शास. पी. जी. महा., कोरबा |
| | | | शास. मिनी माता कन्या, कोरबा |
| | | 72. कटघोरा | शास. महा., कटघोरा |
| 15. | सरगुजा | 73. अम्बिकापुर | राजीवगांधी शास. पी. जी. महा., अम्बिकापुर |
| | | | शास. पी. जी. कन्या महा., अम्बिकापुर |
| | | 74. उदयपुर | शास. महा., उदयपुर |
| | | 75. कुसमी | स्व. श्री महली भगत शास. महा., कुसमी |
| | | 76. सूरजपुर | शास. महा., सूरजपुर |
| | | 77. रामानुजगंज | शास. महा., रामानुजगंज |
| | | 78. सीतापुर | शास. महा., सीतापुर |
| | | 79. प्रतापपुर | शास. महा., प्रतापपुर |
| | | 80. वाड्रफनगर | शास. महा., वाड्रफनगर |
| 16. | कोरिया | 81. बैकुण्ठपुर | शास. पी. जी. महा., बैकुण्ठपुर |
| | | | शास. कन्या महा., बैकुण्ठपुर |
| | | 82. मनेन्द्रगढ़ | शास. विवेकानंद पी. जी. महा., मनेन्द्रगढ़ |
| 17. | रायगढ़ | 83. रायगढ़ | शास. पी. जी. किरोड़ीमल महा., रायगढ़ |
| | | | शास. पालूराम धनानिया महा., रायगढ़ |
| | | | शास. स्व. किशोरी मोहन त्रिपाठी महिला महा., रायगढ़ |
| | | 84. खरसिया | महात्मा गांधी कला एवं विज्ञान शास. महा., खरसिया |
| | | 85. सारंगढ़ | शास. महा., सारंगढ़ |
| | | 86. लैलूंगा | शास. महा., लैलूंगा |
| | | 87. धरमजयगढ़ | शास. महा., धरमजयगढ़ |
| 18. | जशपुरनगर | 88. जशपुर | शास. एन. ई. एस. महा., जशपुरनगर |
| | | | शास. कन्या महा., जशपुरनगर |
| | | 89. कुनकुरी | शास. महा., कुनकुरी |
| | | 90. पत्थलगांव | ठाकुर शोभा सिंह शास. महा., पत्थलगांव |
| | | 91. बगीचा | शास. महा., बगीचा |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 1228) के भाग (क) की जानकारी ]

**प्रदेश के जशपुर जिले के लिए वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में निर्धारित लक्ष्य एवं लक्ष्य के विरुद्ध किये गये नलकूप खनन का विकासखण्डवार विवरण निम्नानुसार है :—**

| जिला | वर्ष 2006-07 में नलकूप खनन हेतु लक्ष्य | विकासखण्ड | वर्ष 2006-07 में खनित नलकूप की संख्या | वर्ष 2007-08 में नलकूप खनन हेतु लक्ष्य | विकासखण्ड | वर्ष 2007-08 में खनित नलकूप की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| जशपुर | 1573 | जशपुर | 83 | 936+वर्ष | जशपुर | 10 |
| | | मनोरा | 115 | 2006-07 | मनोरा | 10 |
| | | कुनकुरी | 235 | के शेष | कुनकुरी | 148 |
| | | दुलदुला | 57 | 309=1245 | दुलदुला | 31 |
| | | फरसाबहार | 177 | | फरसाबहार | 90 |
| | | कांसाबेल | 80 | | कांसाबेल | 57 |
| | | बगीचा | 241 | | बगीचा | 05 |
| | | पत्थलगांव | 276 | | पत्थलगांव | 170 |
| **योग** | **1573** | | **1264** | **1245** | **योग** | **521** |

**टीप :—** लक्ष्य निर्धारण जिलेवार किया जाता है.

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 1952) के भाग (ख) की जानकारी ]

**जिला चिकित्सालय, राजनांदगांव में स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी**

| क्रमांक (1) | पदनाम (2) | स्वीकृत (3) | रिक्त (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अधीक्षक | 1 | - |
| 2. | मेडिकल विशेषज्ञ | 2 | - |
| 3. | सर्जिकल विशेषज्ञ | 2 | - |
| 4. | शिशु रोग विशेषज्ञ | 2 | - |
| 5. | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 2 | 1 |
| 6. | निश्चेतना विशेषज्ञ | 2 | 2 |
| 7. | रेडियोलॉजिस्ट | 1 | 1 |
| 8. | पैथोलॉजिस्ट | 1 | - |
| 9. | अस्थिरोग विशेषज्ञ | 1 | - |
| 10. | मनोरोग विशेषज्ञ | 1 | 1 |
| 11. | ई. एन. टी. विशेषज्ञ | 1 | - |
| 12. | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 1 | - |
| 13. | चिकित्सा अधिकारी | 20 | 9 |
| 14. | दंत चिकित्सक | 1 | - |
| 15. | परिचारिका अधीक्षक | 1 | 1 |
| 16. | मेट्रन | 1 | - |
| 17. | नर्सिंग सिस्टर | 6 | 3 |
| 18. | स्टॉफ नर्स | 25 | - |
| 19. | लेब टेक्नीशियन | 4 | - |
| 20. | लेब सहायक | 2 | - |
| 21. | लेखापाल | 2 | - |
| 22. | उपस्थापक/सहा. ग्रेड-2 | 1 | - |
| 23. | केशियर/सहायक ग्रेड-2 | 1 | - |
| 24. | सहायक ग्रेड-2 | 1 | - |
| 25. | सहायक ग्रेड-3 | 4 | - |
| 26. | रेडियोग्राफर | 2 | - |
| 27. | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 6 | 3 |
| 28. | नेत्र सहायक | 1 | - |
| 29. | स्टोरकीपर | 1 | 1 |
| 30. | ड्रेसर | 8 | 2 |
| 31. | डार्करूम असिस्टेंट | 2 | 2 |
| 32. | ऑप्टोमेटरिस्ट | 1 | 1 |
| 33. | वाहन चालक नियमित | 2 | |
| 34. | वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट | 1 | - |
| 35. | वरिष्ठ लेब टेक्नीशियन | 1 | - |
| 36. | बायो-केमिस्ट | 1 | 1 |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 37. | इलेक्ट्रीशियन | 1 | - |
| 38. | फार्मासिस्ट ग्रेड-1 | 1 | 1 |
| 39. | वाहन चालक ग्रेड-2 | 3 | 2 |
| 40. | डार्क रूम अटेण्डेण्ट | 1 | - |
| 41. | वार्ड आया | 11 | - |
| 42. | नाई | 1 | - |
| 43. | कुक | 2 | - |
| 44. | चौकीदार | 4 | 2 |
| 45. | मेस सर्वेन्ट | 4 | - |
| 46. | भृत्य | 12 | - |
| 47. | वार्ड ब्वाय चतुर्थ | 10 | - |
| 48. | लेब अटेण्डेण्ट | 1 | 1 |
| 49. | स्वीपर | 10 | |
| 50. | वार्ड ब्वाय नियमित | 10 | 4 |
| 51. | ओ. टी. अटेण्डेण्ट | 6 | 2 |
| 52. | प्लंबर | 1 | |
| 53. | कारपेंटर | 1 | 1 |
| 54. | धोबी | 1 | |
| 55. | नर्सिंग अटेण्डेण्ट | 2 | - |

## परिशिष्ट "चार"
[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 91) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्रमांक<br>(1) | वर्ष<br>(2) | आवेदक का नाम<br>(3) | संस्था का नाम<br>(4) | स्वीकृत की गई राशि<br>(5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2006 | छोटेलाल यादव पिता श्री जोधन यादव | अपोलो हास्पीटल, बिलासपुर | 1,50,000 |
| 2. | | श्री रमेश कुमार मेहर पिता श्री बेदराम मेहर | अपोलो हास्पीटल, बिलासपुर | 1,50,000 |
| 3. | | श्रीमती राजकुमारी पति श्री राजकुमार | डॉ. बी. आर. अम्बेडकर चिकित्सालय, रायपुर. | 51,100 |
| 4. | | श्री उदल राम | लाईफवर्थ अस्पताल, रायपुर | 1,50,000 |
| 5. | | श्री राकेश कुमार कौशिक पिता श्री बलेश्वर कौशिक. | अपोलो हास्पीटल, बिलासपुर | 1,50,000 |
| 6. | | श्रीमति कौशल्या बाई | लाईफवर्थ अस्पताल, रायपुर | 1,50,000 |
| 7. | | श्रीमति फुलकुंवर पति कविलास बंजारे | अपोलो हास्पीटल, बिलासपुर | 1,50,000 |
| 8. | 2007 | श्री अरविंद बघेल पिता अश्वनी बघेल | नारायण ह्दयालय, बैंगलोर | 1,50,000 |
| 9. | | श्री शशी लसहे पिता गजानंद लसहे | अपोलो हास्पीटल, बिलासपुर | 1,00,000 |
| 10. | | श्री गोपाल प्रसाद गुप्ता पिता श्री गेंदलाल गुप्ता | बी. वाय. एल. नायर अस्पताल, मुम्बई. | 51,300 |
| 11. | | श्री राकेश पिता श्री बलराम | डॉ. बी. आर. अम्बेडकर चिकित्सालय, रायपुर. | 63,100 |
| 12. | | श्री जगन्नाथ पिता श्री पंछी | डॉ. बी. आर. अम्बेडकर चिकित्सालय, रायपुर. | 61,950 |
| 13. | | श्रीमति उर्मीला बाई पति श्री किरितराम | डॉ. बी. आर., अम्बेडकर चिकित्सालय, रायपुर. | 10,000 |
| 14. | | श्री राजू पिता श्री रामकुमार | अपोलो हास्पीटल, बिलासपुर | 1,50,000 |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 1744) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्रमांक (1) | संस्था का नाम (2) | प्रारंभ होने वाला सत्र (3) |
|---|---|---|
| 1. | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर | 2003-04 |
| 2. | छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, राजनांदगांव | 2002-03 |
| 3. | मैत्री कॉलेज ऑफ डेन्टिस्ट्री एण्ड रिसर्च सेंटर, अंजोरा, दुर्ग | 2005-06 |
| 4. | रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एण्ड रिसर्च, भिलाई, दुर्ग | 2005-06 |
| 5. | न्यू होरीजन डेंटल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, सकरी बिलासपुर | 2006-07 |

प्रपत्र "ब"

| क्रमांक | संस्था का नाम | अध्ययनरत् छात्रों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम वर्ष | द्वितीय वर्ष | तृतीय वर्ष | अंतिम वर्ष | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर | 112 | 86 | 85 | 75 | 358 |
| 2. | छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, राजनांदगांव. | 10 | 119 | 119 | 128 | 376 |
| 3. | मैत्री कॉलेज ऑफ डेन्टिस्ट्री एण्ड रिसर्च सेंटर, अंजोरा, दुर्ग. | 100 | 97 | 100 | - | 297 |
| 4. | रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एण्ड रिसर्च, भिलाई, दुर्ग. | 60 | 100 | 100 | - | 260 |
| 5. | न्यू होरीजन डेंटल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, सकरी बिलासपुर. | 50 | 100 | - | - | 150 |

परिशिष्ट "छः"
[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 1953) के भाग (ख) की जानकारी ]

**राजनांदगांव जिले के पुरस्कृत निर्मल ग्राम पंचायत का विवरण**

**वर्ष 2005-06**

| क्रमांक (1) | ग्राम पंचायत का नाम (2) | ग्राम का नाम (3) | विकासखण्ड (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | शिवपुरी | शिवपुरी | डोंगरगढ़ |
| | --,,-- | बकलेड़ी | |
| 2. | दिलीपपुर | दिलीपपुर | खैरागढ़ |
| 3. | डोंकराभांठा | डोंकराभांठा | --,,-- |
| | --,,-- | खैरबना | |
| 4. | कोटराभांठा | कोटराभांठा | राजनांदगांव |
| 5. | मोंगरा | मोंगरा | चौकी |
| 6. | गुण्डरदेही | गुण्डरदेही | --,,-- |
| | --,,-- | किलारगोंदी | |
| 7. | ढाबा | ढाबा | डोंगरगांव |
| | --,,-- | मर्लाईडबरी | |
| 8. | कोहका | कोहका | --,,-- |
| 9. | चिरघोली | चिरघोली | छुईखदान |
| | --,,-- | गभरा | |
| | --,,-- | कोटरीछपार | |
| 10. | तेलीटोला | तेलीटोला | मोहला |
| | --,,-- | चिहकाटोला | |
| | --,,-- | केंवटटोला | |
| | --,,-- | हुण्डेरा | |
| 11. | बोरिया मोकासा | बोरिया मोकासा | मानपुर |
| | --,,-- | बोरिया ठेकेदारी | |
| 12. | सड़क चिरचारी | सड़क चिरचारी | छुरिया |

## राजनांदगांव जिले के पुरस्कृत निर्मल ग्राम पंचायत का विवरण

**वर्ष 2006-07**

| क्रमांक (1) | ग्राम पंचायत का नाम (2) | ग्राम का नाम (3) | विकासखण्ड (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | पाण्डादाह | पाण्डादाह | खैरागढ़ |
| 2. | मरकामटोला | मरकामटोला | --,,-- |
| 3. | गर्रापार | गर्रापार<br>खपरीसिरदार | --,,-- |
| 4. | पिपलाकछार | पिपलाकछार<br>कोयलीछापर<br>गाड़ाघाट | --,,-- |
| 5. | भरदाकला | भरदाकला<br>धानीखूंटा | --,,-- |
| 6. | लक्ष्मणपुर | लक्ष्मणपुर<br>यामपुर | छुईखदान |
| 7. | अतरिया | अतरिया<br>कुकुड़मुड़ा | --,,-- |
| 8. | साल्हेवारा | साल्हेवारा | --,,-- |
| 9. | खुड़मुड़ी | खुड़मुड़ी | --,,-- |
| 10. | उसरीबोड़ | उसरीबोड़ | राजनांदगांव |
| 11. | हैदलकोड़ो | हैदलकोड़ो<br>बागद्वार | छुरिया |
| 12. | विचारपुर नवागांव | विचारपुर नवागांव | डोंगरगांव |
| 13. | पेंदाकोड़ो | पेंदाकोड़ो<br>हिद्दद् | मोहला |
| 14. | मझियापार | मझियापार<br>हेरकुटुंब<br>ठेलकादण्ड | --,,-- |
| 15. | सेम्हरबांधा | सेम्हरबांधा<br>धानापायली | चौकी |
| 16. | जोरातराई | जोरातराई<br>थैलीटोला | --,,-- |

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 1764) के भाग (क) की जानकारी ]

### वर्ष 2006-07 मदवार जानकारी

(1) इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ को बजट वर्ष 2006-07 में अधोसंरचना मद हेतु निम्नानुसार अनुदान स्वीकृत किया गया है :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | दृश्यकला भवन निर्माण हेतु | रु. 32.96 लाख |
| 2. | ग्रंथालय भवन विस्तार हेतु | रु. 25.53 लाख |
| 3. | आवास गृह निर्माण हेतु | रु. 10.95 लाख |
| | **कुल राशि रुपये** | **रु. 69.44 लाख** |

(2) **दृश्यकला संकाय भवन—** माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री भारत सरकार द्वारा वि. वि. के अधोसंरचना हेतु स्वर्ण-जयंती के अवसर पर रु. 10.00 करोड़ के अनुदान की घोषणा की गई है जिसमें विभिन्न संकाय भवनों के साथ दृश्यकला संकाय भवन का निर्माण भी सम्मिलित है. इस हेतु रु. 1.59 करोड़ तथा राज्य शासन से प्राप्त अनुदान रु. 32.96 लाख को सम्मिलित कर कुल रु.1.92 करोड़ का प्राक्कलन, ब्लूप्रिंट इत्यादि यू. जी. सी. को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है.

यू. जी. सी. से स्वीकृति प्राप्त होते ही दृश्यकला संकाय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जावेगा तब तक प्राप्त अनुदान को सावधि जमा में रखा गया है.

(3) विश्वविद्यालय को बजट वर्ष 2006-07 में स्थापना व्यय हेतु राशि रु. 20.00 लाख तथा वेतन भत्तों हेतु खण्ड संधारण अनुदान कुल राशि रु. 300.00 लाख विमुक्त की गई है.

स्थापना व्यय की राशि रु. 20.00 लाख के विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | व्यय शीर्षक | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|
| 1. | विद्युत व्यय | 5,89,613.00 |
| 2. | विद्युत सामग्री | 0,34,326.00 |
| 3. | टेलीफोन व्यय | 1,48,005.00 |
| 4. | पोस्टेज | 0,42,928.00 |
| 5. | स्टेशनरी | 1,23,814.00 |
| 6. | परिवहन व्यय | 2,94,742.00 |
| 7. | प्रोस्पेक्टस | 0,80,000.00 |
| 8. | आडिट फीस | 2,00,469.00 |
| 9. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वर्दी एवं ब्लेजर. | 0,53,290.00 |
| 10. | विज्ञापन | 5,66,711.00 |
| 11. | विधिक शुल्क | 0,39,208.00 |
| 12. | विभिन्न समितियों के सदस्यों को यात्रा भत्ता. | 0,88,829.00 |
| | **कुल योग** | **22,61,935.00** |

अधिक व्यय रुपये 2,61,935.00 विश्वविद्यालय में स्वयं के स्रोत से प्राप्त राशि से किया है.

**वर्ष 2007-08 मदवार जानकारी**

बजट वर्ष 2007-08 में अधोसंरचना मद हेतु 20.00 लाख रुपये प्रावधानित है. विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2006-07 में विमुक्त की गई पूर्ण राशि की उपयोगिता नहीं प्रस्तुत की गई है. अतः उक्त राशि की विमुक्ति की कार्यवाही प्रक्रिया में है.

विश्वविद्यालय को खण्ड संधारण अनुदान हेतु कुल राशि रु. 315.00 लाख प्रावधानित है, जिसमें से दो किस्तें कुल राशि रु. 210.00 लाख विमुक्त की जा चुकी है तथा शेष राशि रु. 105.00 लाख की विमुक्ति की कार्यवाही प्रक्रिया में है.